आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर टोल टैक्स की वसूली शुरू

लखनऊ। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर शुक्रवार आधी रात के बाद से टोल टैक्स की वसूली शुरू हो गई। यूपी एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) के सीईओ अवनीश अवस्थी टोल वसूली की शुरुआत होने के मौके पर निरीक्षण करने भी पहुंचे। 302 किलोमीटर लंबे इस एक्सप्रेस-वे पर दो पहिया वाहनों से भी टोल की वसूली की जा रही है। ब्यूरो

ये रहेंगी दरें

मोटर साइकिल	285 रुपये
कार, जीप व हल्के मोटर यान	570 रुपये
मिनी बस, मिनी ट्रक, हल्के व्यावसायिक वाहन	905 रुपये
बस, ट्रक	1815 रुपये
हैवी कंस्ट्रक्शन मशीनरी, अर्थ मूविंग एक्यूपमेंट, हेवी एक्सल वाहन	2785 रुपये
सात या सात से ज्यादा एक्सल वाले वाहन	3575 रुपये

इन्हें नहीं देना होगा टोल टैक्स

राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल, उप राज्यपाल, प्रदेशों के मुख्यमंत्री, लोकसभा व राज्यसभा सदस्य, राज्य विधानमंडल के सदस्य, लोकसभा, राज्यसभा और विधानमंडल में नेता प्रतिपक्ष, सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश, विधान परिषद के सभापति व विधानसभा के अध्यक्ष, उच्च न्यायालयों के न्यायाधीश, केन्द्र व उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार के सचिव व आयुक्त, राज्य के दौरे पर आने वाले उच्च पदस्थ विदेशी व्यक्ति, सभी सरकारी वाहन, सरकारी कार्य में उपयोग आने वाले वाहन, सेना, नौ सेना, वायु सेना के वाहन, अर्द्धसैनिक बलों और पुलिस वर्दी में केन्द्रीय और राज्य सशस्त्र जवान, ड्यूटी पर कार्यपालक मजिस्ट्रेट, अग्निशमन विभाग या संगठन, संबंधित एक्सप्रेस-वे प्राधिकरण के अधिकारी और एंबुलेंस।

आगरा एक्सप्रेस-वे पर टॉल वसूली शुरू

■ **एनबीटी, उन्नाव :** लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर शनिवार रात 12 बजे से टॉल टैक्स की वसूली शुरू कर दी गई। शनिवार रात जगटापुर गांव के पास हरदोई मार्ग पर बने कट से प्रवेश करने वाली गाड़ियों से टॉल टैक्स की वसूली शुरू कर दी गई। टॉल प्लाजा का शुभारंभ प्रमुख सचिव सूचना व यूपीडा के सीईओ अवनीश अवस्थी ने किया।

लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे टोल प्लाजा शुरू

02 माह में टोल प्लाजा पर बढ़ेंगी कई सुविधाएं इनमें फूड प्लाजा भी

प्रमुख सचिव और यूपीडा के सीईओ अवनीश अवस्थी ने शुक्रवार आधी रात लखनऊ-आगरा एक्सपेस वे पर टोल प्लाजा का उद्घाटन कराया। लखनऊ-उन्नाव सीमा पर रेवारी गांव के पास बने टोल प्लाजा का उद्घाटन प्रमुख सचिव ने दो कार ड्राइवरों और एक बस ड्राइवर से कराया। एक्सप्रेस वे की कुल दूरी 302 किमी है। • हिन्दुस्तान

प्रमुख सचिव शुक्रवार की रात 12 बजे बस और कार ड्राइवर के हाथ से कराया उद्घाटन

आगरा एक्सप्रेस-वे पर टोल टैक्स की वसूली शुरू

नई व्यवस्था

लखनऊ | वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे पर शुक्रवार रात 12 बजे से टोल टैक्स व्यवस्था शुरू कर दी गई। टोल प्लाजा का उद्घाटन करने पहुंचे प्रमुख सचिव अवनीश अवस्थी ने कर्मचारियों का उत्साह बढ़ाया। उन्होंने खुद टोल प्लाजा का उद्घाटन करने के बजाए यह काम बस व कार के ड्राइवरों के हाथ से करवाया।

पूजा-अर्चना के बाद टोल प्लाजा के उद्घाटन का अवसर मिलने पर चालक काफी खुश नजर आए। इस दौरान प्रमुख सचिव अवनीश अवस्थी ने कहा कि दो महीने के अंदर एक्सप्रेस-वे पर सारी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करा दी जाएंगी।

आगरा एक्सप्रेस वे पर टोल टैक्स देकर शुक्रवार रात 12 बजे रवाना हुई पहली गाड़ी

एक्सप्रेस-वे पर टोल प्लाजा के उद्घाटन के अवसर पर पहुंचे प्रमुख सचिव अवनीश अवस्थी ने कर्मचारियों से बात करके ब्योरा जुटाया। रात 12 बजते ही सबसे पहले एक बस टोल प्लाजा से गुजरी। प्रमुख सचिव ने बस के ड्राइवर इटावा निवासी सुदेश कुमार यादव से टोल प्लाजा की पूजा करवाई। दूसरे नंबर पर एक स्विफ्ट कार टोल प्लाजा पर पहुंची। प्रमुख सचिव ने कार चालक आगरा निवासी विवेक कुमार वर्मा को गुलाब का फूल देकर उनका स्वागत किया। इसके बाद बस ड्राइवर सुदेश और कार चालक विवेक से रिबन कटवा कर टोला प्लाजा का उद्घाटन करवाया। इस दौरान टोल कर्मियों ने जमकर ताली बजाई। इसके बाद से एक्सप्रेस वे पर टोल टैक्स की वसूली शुरू हो गई। लोगों ने टोल टैक्स अदा कर इस मार्ग से अपने वाहन निकालने शुरू कर दिए।

दो महीने में सारा काम होगा पूरा

प्रमुख सचिव अवनीश अवस्थी ने कहा कि दो महीने में एक्सप्रेस वे पर सभी मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि एक्सप्रेस वे पर एटीएम और टॉयलेट की व्यवस्था नहीं है। कुछ जगह लाइटें खराब हैं और सड़क की मरम्मत की जरूरत है। जल्द से जल्द यह काम पूरा कर लिया जाएगा। पुलिस व प्रशासन एक्सप्रेस वे से गुजरने वाले सभी यात्रियों को पूरी सुरक्षा मुहैया कराएंगे।

पुलिस पेट्रोलिंग भी बढ़ाई जाएगी।

एक्सप्रेस वे के किनारे लोगों की सुविधाओं के लिए पेट्रोल पंप खोले जाएंगे और पुलिस पेट्रोलिंग भी बढ़ाई जाएगी। इसके साथ लोगों की सुविधाओं के लिए फूड प्लाजा खोलने पर भी विचार किया जा रहा है। एक्सप्रेस वे पर दिशा सूचक लगाने का काम पूरा हो चुका है और सुरक्षा के लिए फैंसिंग करा दी गई है।

इन्हें टोल टैक्स में छूट

एक्सप्रेस वे पर जाने वालों में विशिष्ट लोगों को टोल टैक्स से छूट दी गई है। राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्य न्यायमूर्ति, राज्यपाल, उपराज्यपाल, मुख्यमंत्री, केंद्रीय व राज्य विधानमंडल पीठासीन अधिकारियों को छूट दिया गया है। लोक सभा, राज्यसभा व राज्य विधान मंडलों के विरोधी दल के नेता, सुप्रीम कोर्ट के जज,विधान परिषद के सभापति, विधान सभा के अध्यक्ष को टैक्स नहीं देना होगा। हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश व जज, केंद्रीय व राज्य मंत्रियों, राज्य सरकार के सचिव व आयुक्त दौरे पर आए उच्च पदस्थ विदेशी व्यक्तियों को छूट है। सरकारी वाहन, सरकारी काम में लगी गाड़ियों, रक्षा मंत्रालय,अर्द्धसैनिक बलों और पुलिस वर्दी में केन्द्रीय और राज्य सशस्त्र बल व एम्बुलेंस को छूट है।